**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 11520/2026
URN: CW / 25500U / 2026

Smt. Naseem Begum W/o Late Shri Salimuddin

----Petitioner

Versus

The State Of Rajasthan

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Ashir Gauri<br>Mr. Jitendra Singh Shekhawat |
| For Respondent(s) | : | |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**09/07/2026**

याचिकाकार के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया।

याचिकाकार के विद्वान अधिवक्ता ने प्रकट किया कि याचिकाकार के पिता अयाची/राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना, 1973 में पंजीकृत थे, जिनकी मृत्यु हो जाने के उपरांत यह पंजीकरण याचिकाकार की माता श्रीमती अमातुल सलीम के नाम अंतरित हो गया। वर्ष 2019 में उसकी माता के निधन के बाद याचिकाकार द्वारा पंजीकरण को स्वयं के नाम करने हेतु आवासन मण्डल के समक्ष आवेदन किया, जिसके सम्बन्ध में अयाची आवासन मण्डल ने एक आम सूचना जारी की और इसके उपरांत दिनांक 9.11.2023 को उसके नाम से पंजीकरण कर दिया गया। उसके पश्चात् दिनांक 13.12.2023 को अयाची ने बहुमंजिला आवास में फ्लैट आवंटन हेतु इच्छुक होने के सम्बन्ध में 15 दिन में सहमति दिए जाने हेतु नोटिस (परिशिष्ट–4) दिया। जिसकी पालना में याचिकाकार ने 13 दिन में ही दिनांक 26.12.2023 को सहमति (परिशिष्ट–5) भी दे दी। इसके उपरांत भी आवासन मण्डल द्वारा याचिकाकार को फ्लैट का आवंटन नहीं किया तो अयाची को एक अभ्यावेदन (परिशिष्ट–6) दिनांक 16.4.2025 को दिया गया लेकिन अभी तक आवासन मण्डल द्वारा उसे फ्लैट आवंटित नहीं किया गया।

याचिकाकार द्वारा आदेशिका शुल्क प्रस्तुत किए जाने पर अयाचीगण को रिट याचिका के नोटिस आगामी **दो सप्ताह** में वापसी योग्य नियमानुसार जारी किए जाये।

विद्वान अधिवक्ता याचिकाकार ने स्थगन प्रार्थना पत्र को संशोधित करने हेतु समय चाहा। निवेदन अनुसार समय प्रदान किया जाता है।

(SHUBHA MEHTA),J

11/JITENDRA SINGH PANWAR